भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2559

20 दिसंबर, 2021 को उत्तर के लिए

इस्पात संयंत्रों से कार्बन उत्सर्जन को कम किया जाना

2559. श्री तिरुची शिवा:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का इस्पात संयंत्रों से कार्बन उत्सर्जन को कम करने का विचार है; और

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात मंत्री (श्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह)

(क) और (ख): लौह और इस्पात क्षेत्र एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र है और सर्वोत्तम उपलब्ध प्रौद्योगिकियों को अपनाकर शुरू किए गए विस्तार और आधुनिकीकरण के अतिरिक्त, इस्पात संयंत्रों की भी स्थापना की गई है।

सर्वोत्तम उपलब्ध प्रौद्योगिकियों (बीएटी) को व्यापक रूप से अपनाए जाने से, इस्पात संयंत्रों में विशिष्ट ऊर्जा खपत में काफी कमी आई है, जिससे कार्बन के उत्सर्जन की मात्रा में आनुपातिक रूप से कमी आई है। भारतीय इस्पात उद्योग से औसत कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन की मात्रा वर्ष 2005 के 3.1 टी/टीसीएस से कम होकर वर्ष 2020 तक करीब 2.6 टी/टीसीएस हो गई है और यह वर्ष 2030 से काफी पहले 2.4 टी/टीसीएस के अनुमानित लक्ष्य को हासिल करने की ओर अग्रसर है।

****